Adda247 GET IT ON Google Play

# UKSSSC Assistant Teacher LT (Commerce) Official Paper (Held On_ 18 Aug, 2024)

95/24 – 01

## Part – 1(A)

## Academic Aptitude

1. Sir John Adams used to say that

(A) Education is the dynamic sides of the philosophy

(B) Education is under philosophy

(C) There is no relation between education and philosophy

(D) Education and philosophy are the two sides of the same coin

1. सर जॉन एडम्स कहा करते थे

(A) शिक्षा दर्शन का गत्यात्मक पक्ष है

(B) शिक्षा दर्शन के अधीन है

(C) शिक्षा और दर्शन में कोई सम्बन्ध नहीं है

(D) शिक्षा और दर्शन एक ही सिक्के के दो पहलू है

2. **Statement I** : 'Guidance' is broader than 'Counselling'.

**Statement II** : 'Counselling' is one of the techniques of Guidance.

Choose the correct answer by using code given below :

**Code :**

(A) Statement I is true but II is false

(B) Statement II is true but I is false

(C) Statement I and II both are true

(D) Statement I and II both are false

2. **कथन I** : 'परामर्श' की अपेक्षा 'निर्देशन' एक व्यापक प्रक्रिया है ।

**कथन II** : 'परामर्श' निर्देशन की एक तकनीक है ।

नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर छांटिए ।

**कूट :**

(A) कथन I सत्य है किन्तु II असत्य

(B) कथन II सत्य है किन्तु I असत्य

(C) कथन I एवं II दोनों सत्य हैं

(D) कथन I एवं II दोनों असत्य हैं

3. According to 'Right to Education' (RTE) Act, the right to opt for home based education is given to

(A) A child who is academically gifted

(B) A child having creative abilities

(C) A child residing in remote areas

(D) A child having multiple and/or severe disabilities

3. 'शिक्षा के अधिकार' अधिनियम के अनुसार, घर पर शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है

(A) शैक्षिक रूप से प्रतिभावान बच्चे को

(B) सृजनात्मक क्षमता से युक्त बच्चे को

(C) दूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले बच्चे को

(D) बहुविकलांगता या गंभीर विकलांगता से युक्त बच्चे को

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play



4. Considering the following experimental sequence, choose the correct alternative

a. A child cannot tie his/her shoes laces.

b. Teacher delivers an excellent lecture followed by demonstration.

c. Child can now tie his/her shoes laces.

If behaviour change from a to c as a result of b, it can be inferred that

(A) Child is very obedient

(B) Child is very attentive

(C) Child is very sincere

(D) Child has learnt something

5. Which of the following statements are not the characteristic of socialism ?

a. Socialism does not accept separate entity of individual.

b. Socialism accepts individual as an organ of society.

c. Socialism favour the capitalism.

d. Competition has an important place in socialism.

On the basis of the above statements, select the correct alternative.

(A) a and b

(B) b and c

(C) c and d

(D) a and d

4. निम्न प्रयोगात्मक क्रम को ध्यान में रखते हुए सही विकल्प चुनिए ।

a. एक बालक/बालिका अपने जूतों के फीते नहीं बांध सकता/सकती है ।

b. अध्यापक एक बेहतरीन व्याख्यान के पश्चात प्रदर्शन करता है ।

c. बालक/बालिका अपने जूतों के फीते बांध सकता/सक़ती है ।

यदि b के परिणामस्वरूप a से c तक व्यवहार परिवर्तन हो रहा है, तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि

(A) बालक/बालिका बहुत आज्ञाकारी है

(B) बालक/बालिका बहुत सतर्क है

(C) बालक/बालिका बहुत निष्ठावान है

(D) बालक/बालिका ने कुछ सीखा है

5. निम्न में से कौन-से कथन समाजवाद की विशेषता नहीं है ?

a. समाजवाद व्यक्ति की पृथक सत्ता नहीं मानता ।

b. समाजवाद व्यक्ति को समाज का एक अंग मानता है ।

c. समाजवाद पूंजीवाद का समर्थन करता है ।

d. समाजवाद में प्रतियोगिता का महत्वपूर्ण स्थान है ।

उपरोक्त कथनों के आधार पर निम्न में से सही विकल्प चुनिए ।

(A) a तथा b

(B) b तथा c

(C) c तथा d

(D) a तथा d

Adda247 GET IT ON Google Play



6. Which one of the following is not correct about 'gender' ?
   (A) Gender is a social construct
   (B) Gender is a biological construct
   (C) Gender is a variable as its changes on the basis of time and culture
   (D) Cooking and boxing activities have strong connection with gender

7. When no progress in learning of a child is observed, then it is called as plateau of learning. Which of the following is not an effective cause of it ?
   (A) Lackening in the interest related to action
   (B) Increasing difficulty level of the study-material
   (C) Providing a break of time during the learning
   (D) Bad habits of a child

8. The specific aims of Central Institute of Educational Technology (CIET) is to
   a. Provide technological interventions at college and university level.
   b. Act as a nodal centre for vocational and Skill Education.
   c. Build capacities of Educators in the area of Educational Technology.
   d. Critically appraise Educational Technology Policies in India.

   Choose the correct answer :
   (A) a and b
   (B) b and c
   (C) c and d
   (D) d and a

6. 'लिंग' के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है ?
   (A) लिंग एक सामाजिक संरचना है
   (B) लिंग एक जैविक संरचना है
   (C) लिंग एक चर है जो समय एवं संस्कृति के आधार पर बदलता रहता है
   (D) पाककला एवं बाक्सिंग क्रिया कलापों का लिंग से घनिष्ठ सम्बन्ध है

7. जब सीखने में बालक की कोई प्रगति होती हुई नहीं दिखती है, तो इसे सीखने का पठार कहते हैं । इसका निम्न में से कौन-सा प्रभावी कारण नहीं होता है ?
   (A) क्रिया सम्बंधी रुचि में कमी
   (B) पठन-सामग्री के कठिनाई स्तर में वृद्धि
   (C) सीखने के दौरान समयावकाश देना
   (D) बालक की बुरी आदतें

8. केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) के विशिष्ट उद्देश्य हैं
   a. महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर तकनीकी हस्तक्षेप (इन्टरवेन्शन) प्रदान करना ।
   b. व्यावसायिक एवं कौशल शिक्षा के लिए एक नोडल केन्द्र के रूप में कार्य करना ।
   c. शैक्षिक तकनीकी के क्षेत्र में शिक्षकों को क्षमताओं का निर्माण करना ।
   d. भारत में शैक्षिक तकनीकी नीतियों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना ।

   सही उत्तर छांटिए :
   (A) a एवं b
   (B) b एवं c
   (C) c एवं d
   (D) d एवं a

Adda247 GET IT ON Google Play



9. Which of the following is not the dimension of Guilford's tridimensional model ?
   (A) Operation
   (B) Content
   (C) Products
   (D) Semantic

10. Out of 22 official languages in India, which one of the following are recognised as classical language ?
   (A) Sanskrit, Urdu and Hindi
   (B) Sanskrit, Tamil and Kannada
   (C) Sanskrit, Manipuri and Punjabi
   (D) Marathi, Sanskrit and Oriya

11. Read the following statements – one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

   **Assertion (A) :** District Institutes of Education and Training (DIETs) were established for transformation of the system of Elementary Education.

   **Reason (R) :** The main task assigned to District Institutes of Education and Training at that time was to identify educational problems of schools of rural areas.

   Find the correct answer from the code given below.

   **Code :**
   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
   (B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
   (C) (A) is true but (R) is false
   (D) Both (A) and (R) are false

9. निम्नलिखित में से कौन-सा आयाम गिलफोर्ड का त्रिविमीय मॉडल का आयाम नहीं है ?
   (A) संक्रिया
   (B) विषय-वस्तु
   (C) उत्पादन
   (D) शाब्दिक

10. भारत की 22 सरकारी भाषाओं में से कौन-सी एक शास्त्रीय भाषा के रूप में पहचानी जाती है ?
   (A) संस्कृत, उर्दू एवं हिन्दी
   (B) संस्कृत, तमिल एवं कन्नड़
   (C) संस्कृत, मणिपुरी एवं पंजाबी
   (D) मराठी, संस्कृत एवं उड़िया

11. नीचे दिए गए वक्तव्यों को पढ़िए – एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

   **अभिकथन (A) :** जिला शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थाएँ प्रारम्भिक शिक्षा प्रणाली के रूपांतरण के लिए स्थापित की गई थी ।

   **कारण (R) :** उस समय जिला शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थाओं को ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों की शैक्षिक समस्याओं का पता लगाने का मुख्य कार्य सौंपा गया था ।

   नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर छांटिए ।

   **कूट :**
   (A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, तथा (R)-(A) का सही स्पष्टीकरण है
   (B) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R)-(A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है
   (C) (A) सही है परन्तु (R) गलत है
   (D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं

Adda247 GET IT ON Google Play



12. Ashram schools have been established by the Government for which of the following category of children to cater their educational needs ?
(A) Scheduled caste
(B) Scheduled tribes
(C) Rural population
(D) Minorities

12. सरकार द्वारा आश्रम विद्यालयों की स्थापना निम्नलिखित में से किस श्रेणी के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु की गयी है ?
(A) अनुसूचित जाति
(B) अनुसूचित जनजाति
(C) ग्रामीण जनसंख्या
(D) अल्पसंख्यकों

13. Who is associated with model of 'cone of experience' ?
(A) Edger Dale
(B) Herbart
(C) Morrison
(D) Bruce and Weil

13. 'अनुभव शंकु प्रतिमान' किससे सम्बन्धित है ?
(A) एडगर डेल
(B) हरबार्ट
(C) मौरीसन
(D) ब्रूस तथा वील

14. Which of the following mode of instruction has maximum retention rate of learning ?
(A) Lecture
(B) Demonstration
(C) Audio-visual
(D) Teaching others/immediate use of learning

14. निम्नलिखित में से कौन-से अनुदेशन के तरीके में अधिगम की धारण क्षमता सर्वाधिक होती है ?
(A) व्याख्यान
(B) प्रदर्शन
(C) दृश्य-श्रव्य
(D) दूसरों को पढ़ाना/अधिगम का तात्कालिक उपयोग

15. Teachers are expected to possess following qualities
a. High moral character
b. Healthy personality
c. Professional ethics
d. Sound political base
Select the correct alternative :
(A) a and b only
(B) c and d only
(C) a, b and c only
(D) b, c and d only

15. शिक्षकों में निम्न गुण आपेक्षित है
a. उच्च नैतिक चरित्र
b. स्वस्थ व्यक्तित्व
c. व्यवसायिक नैतिकता
d. मजबूत राजनैतिक आधार
सही विकल्प चुनिए :
(A) केवल a तथा b
(B) केवल c तथा d
(C) केवल a, b तथा c
(D) केवल b, c तथा d

Adda247 GET IT ON Google Play



16. Which structure of education was adopted in the National Education Policy, 1968 ?

(A) 5 + 3 + 2 + 2 + 3

(B) 8 + 2 + 2 + 3

(C) 8 + 4 + 3

(D) 10 + 2 + 3

16. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 में शिक्षा की किस संरचना को स्वीकार किया गया ?

(A) 5 + 3 + 2 + 2 + 3

(B) 8 + 2 + 2 + 3

(C) 8 + 4 + 3

(D) 10 + 2 + 3

17. If you are a teacher, how can you help the adolescent students to use Piaget's 'formal operational stage' ?

i. By encouraging them to memorise the steps/situations.

ii. By encouraging and training them for deductive and inductive reasoning.

iii. By helping the students to systematically generate possibilities for a given situation.

iv. By encouraging the students to expose themselves to various situations and experiences with keen interest.

On the basis of above statements, choose the correct alternatives.

(A) ii, iii and iv

(B) i, ii and iii

(C) i and iii only

(D) ii and iv only

17. यदि आप एक शिक्षक है, तो आप 'जीन पियाजे' के 'औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था' की प्रयुक्त कर किशोरावस्था के विद्यार्थियों की सहायता कैसे कर सकते हैं ?

i. पद/परिस्थितियों को कंठस्थ करने के लिए उनका उत्साहवर्धन करके ।

ii. आगमनात्मक तथा निगमनात्मक तर्क के लिए विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन एवं प्रशिक्षण देकर ।

iii. उपलब्ध परिस्थितियों के लिए क्रमिक सम्भावनाओं को सृजित करने के लिए विद्यार्थियों की मदद करके ।

iv. स्वयं को विभिन्न परिस्थितियों में उजागर करके एवं अत्यन्त रुचिकर अनुभव के लिए विद्यार्थियों को उत्साहित करके ।

पूर्वोक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प चुनिए ।

(A) ii, iii तथा iv

(B) i, ii तथा iii

(C) केवल i तथा iii

(D) केवल ii तथा iv

Adda247 GET IT ON Google Play



18. For realization of which objective of education 'Rights of Persons with Disabilities Act, 2016' is included in curriculum ?
   (A) To inculcate teaching skills
   (B) To give citizenship education to persons with disabilities
   (C) To General awareness about rights of persons with disabilities
   (D) To Recognise the thoughts of person with disabilities

19. In the context of economic development, which of the following is not "education" ?
   (A) Direct return
   (B) Monetary investment
   (C) Indirect return
   (D) Human Resource Development

20. The philosophy of inclusive education believes that
   (A) Children with disabilities should be allowed only to sit with non-disabled students
   (B) Teachers should always remain pity towards children with disabilities
   (C) All children should be treated equally with grace and gratitude
   (D) Children with severe disabilities should be educated in special school only

18. 'विकलांग जन अधिकारिता अधिनियम, 2016' को शिक्षा के किस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है ?
   (A) शिक्षण कौशलों के प्राप्ति हेतु
   (B) विकलांग व्यक्तियों को नागरिकता की शिक्षा देने हेतु
   (C) विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के विषय में जागरूकता विकसित करने हेतु
   (D) विकलांग व्यक्तियों के विचारों को पहचान प्रदान करने हेतु

19. आर्थिक विकास के संदर्भ में, निम्नलिखित में से "शिक्षा" क्या नहीं है ?
   (A) प्रत्यक्ष प्रतिफल
   (B) मौद्रिक निवेश
   (C) अप्रत्यक्ष प्रतिफल
   (D) मानव संसाधन विकास

20. समावेशी शिक्षा का दर्शन विश्वास करता है कि
   (A) विकलांग बच्चों को केवल सक्षम विद्यार्थियों के साथ बैठने की अनुमति प्रदान करनी चाहिए
   (B) शिक्षक विकलांग बच्चों के साथ सदैव दयालु होने चाहिए
   (C) सभी बच्चों के साथ समान भाव एवं आदर से व्यवहार करना चाहिए
   (D) अत्यन्त गंभीर विकलांगता से युक्त बच्चों को केवल विशिष्ट विद्यालय में शिक्षित करना चाहिए

Adda247 GET IT ON Google Play



21. Pedagogical knowledge is essential for a teacher because it enables him/her to

a. Effectively lesson planning for teaching.

b. Manage the class properly.

c. Organise educational excursions.

d. Plan and organise Parent-Teacher Association (PTA) meetings.

Choose the correct alternative :

(A) a and c

(B) b and d

(C) a and b

(D) c and d

21. शिक्षक के लिए शैक्षणिक (पैडागोजिकल) ज्ञान आवश्यक है क्योंकि यह उसे सक्षम बनाता है

a. शिक्षण हेतु प्रभावात्मक पाठ नियोजन में।

b. उचित कक्षा प्रबन्धन में।

c. शैक्षिक भ्रमण के आयोजन में।

d. अभिभावक – शिक्षक संगठन (पी.टी.ए.) सभा की योजना बनाने एवं आयोजन करने में।

सही विकल्प चुनिए :

(A) a एवं c

(B) b एवं d

(C) a एवं b

(D) c एवं d

Adda247

22. If a teacher announces in the classroom that "Today I will teach....", it indicates, that style of teacher is

(A) Authoritative

(B) Democratic

(C) Laisser-faire

(D) Creative

22. यदि एक शिक्षक कक्षा में घोषणा करता है कि "आज मैं पढ़ाऊंगा....," यह इंगित करता है कि शिक्षक की शैली है

(A) अधिकारात्मक (अथोरिटेटिव)

(B) जनतान्त्रिक

(C) समय-बिताने की

(D) सृजनात्मक

Adda247 GET IT ON Google Play



23. Match List – I and List – II and select the correct answer by using code given below.

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| 1. Education develops man's innate powers | i. Nature of Education |
| 2. Education is a tripolar process | ii. Analytical meaning of Education |
| 3. Education is effective agent of social change | iii. Agencies of Education |
| 4. School | iv. Need of Education |

**Code :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | ii | iii | i | iv |

23. सूची – I एवं सूची – II को सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए ।

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| 1. शिक्षा जन्मजात शक्तियों का विकास करती है | i. शिक्षा की प्रकृति |
| 2. शिक्षा एक त्रिध्रुवी प्रक्रिया है | ii. शिक्षा का विश्लेषणात्मक अर्थ |
| 3. शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त साधन है | iii. शिक्षा का अभिकरण |
| 4. विद्यालय | iv. शिक्षा का आवश्यकता |

**कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | ii | iii | i | iv |

24. The "empty vessel" metaphor in the context of school education indicates

(A) Equipping school library with new books

(B) Appointing teachers against vacant posts in school

(C) Filling the minds of students with new information

(D) Receiving funds for constructing new building of schools

24. विद्यालय शिक्षा के संदर्भ में "खाली बर्तन" (एम्प्टि वेसल) रूपक निर्दिष्ट करता है

(A) विद्यालय पुस्तकालय में नई किताबें जोड़ना

(B) विद्यालयों में खाली पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति करना

(C) विद्यार्थियों के मस्तिष्क को नई सूचनाओं से भरना

(D) विद्यालयों के नए भवन निर्माण हेतु अनुदान प्राप्त करना

Adda247 GET IT ON Google Play



25. NCERT assists and advise the Central and State Governments on which level of academic matters related to

(A) School level Education

(B) University level Education

(C) Adult Education

(D) Teacher Education

26. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below.

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Cognitive theory of teaching | 1. Poliyo and Dunker |
| b. Heuristics strategy | 2. Harward University |
| c. Team teaching | 3. Denial Dewis |
| d. Computer based teaching model | 4. N.L. Gage |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

27. A student with learning disability is inactive in your class, what will you do ?

(A) Scold him to pay attention to your lecture

(B) Ignore him

(C) Make your lecture simple by dividing it into parts

(D) Advise him to take admission in school meant for special school

25. एन.सी.ई.आर.टी. किस स्तर के शैक्षिक मामलों पर केन्द्रीय एवं राजकीय सरकारों को सहायता एवं सलाह देती है ?

(A) विद्यालय स्तरीय शिक्षा

(B) विश्वविद्यालय स्तरीय शिक्षा

(C) प्रौढ़ शिक्षा

(D) अध्यापक शिक्षा

26. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. ज्ञानात्मक शिक्षण सिद्धान्त | 1. पोलियो और डंकर |
| b. अन्वेषण व्यूह रचना | 2. हार्वर्ड विश्वविद्यालय |
| c. टोली शिक्षण | 3. डेनियल डेविस |
| d. कम्प्यूटर आधारित शिक्षण प्रतिमान | 4. एन.एल.गेज |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

27. एक अधिगम अक्षमता से युक्त विद्यार्थी आपकी कक्षा में निष्क्रिय है, आप क्या करेंगे ?

(A) आपका व्याख्यान सुनने के लिए उसे डाँटेंगे

(B) उसे नजरअंदाज करेंगे

(C) अपने व्याख्यान को छोटे-छोटे पदों में विभाजित करके सरल बनाएँगे

(D) उसे विशिष्ट विद्यार्थियों के विद्यालयों में प्रवेश लेने की सलाह देंगे

Adda247 GET IT ON Google Play

(3) (21)



28. PRASHAST (Pre Assessment Holistic Screening Tool) is an Android Mobile App for schools to screen

(A) Children having delinquent tendencies

(B) Children of nomadic tribes

(C) Children from hilly areas

(D) Children with disabilities in accordance with Rights of Persons with Disability Act, 2016

28. प्रशस्त (प्री एसेसमेन्ट हॉलिस्टिक स्क्रीनिंग टूल) विद्यालयों के लिए छँटनी का एक एन्ड्रायड मोबाइल ऐप है

(A) अपराधिक प्रवृत्तियों के बच्चों हेतु

(B) बंजारा जनजाति के बच्चों हेतु

(C) पर्वतीय क्षेत्रों के बच्चों के लिए

(D) विकलांग व्यक्ति अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत आने वाले विकलांग बच्चों के लिए

29. Out of the following which book is authored by Gijjubhi Badheka ?

(A) Hindi Shiksha

(B) Sanskrit Shikshan

(C) Divaswapna

(D) Mathematics Shikshan

29. निम्नलिखित किताबों में से कौन-सी किताब गिजूभाई बधेका ने लिखी है ?

(A) हिन्दी शिक्षा

(B) संस्कृत शिक्षण

(C) दिवास्वप्न

(D) गणित शिक्षण

30. Need of educational leadership is most essential in

(A) Educational Administration

(B) Educational Management

(C) Change in Institutional Behaviour

(D) Educational Supervision

30. शैक्षिक नेतृत्व की सर्वाधिक आवश्यकता है

(A) शैक्षिक प्रशासन में

(B) शैक्षिक प्रबन्धन में

(C) संस्थागत व्यवहार परिवर्तन में

(D) शैक्षिक पर्यवेक्षण में

Adda247 GET IT ON Google Play



## Part – 1(B)

## Reasoning Test and General Knowledge

31. The ages of 5 persons is in the ratio 0.5 : 1 : 1.5 : 2 : 2.5. If the sum of cubes of their ages is 28125, then the age of the youngest person is

(A) 5 years

(B) 10 years

(C) 3 years

(D) 4 years

31. 5 व्यक्तियों की आयु का अनुपात 0.5 : 1 : 1.5 : 2 : 2.5 है । यदि उनकी आयु के घनों का योग 28125 हो तो सबसे कनिष्ट व्यक्ति की आयु है

(A) 5 वर्ष

(B) 10 वर्ष

(C) 3 वर्ष

(D) 4 वर्ष

32. In the series 10000, 11000, 9900, 10890, 9801, ? , ? will be replaced by

(A) 10241.9

(B) 10423.4

(C) 10781.1

(D) 10929.3

32. शृंखला 10000, 11000, 9900, 10890, 9801, ? में ? के द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा

(A) 10241.9

(B) 10423.4

(C) 10781.1

(D) 10929.3

33. Match the List – I with List – II and choose the correct answer from the code given below the lists.

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Bandipur | 1. Kerala |
| b. Periyar | 2. Karnataka |
| c. Simlipal | 3. Rajasthan |
| d. Sariska | 4. Odisha |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

33. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये एवं सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर दीजिये ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. बांदीपुर | 1. केरल |
| b. पेरियार | 2. कर्नाटक |
| c. सिमलीपाल | 3. राजस्थान |
| d. सरिस्का | 4. उडीसा |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

Adda247
GET IT ON Google Play



34. Select the one which is different from other three alternatives.

(A) 21 : 437

(B) 33 : 1085

(C) 11 : 118

(D) 35 : 1221

35. Which of the following statement is/are correct ?

**Statement 1** : The European Union recently passed the Artificial Intelligence Act, the foremost law establishing rules and regulations governing AI system.

**Statement 2** : The Act categorises systems into four categories, namely unacceptable, high, limited and minimal risks.

(A) Only Statement 1

(B) Only Statement 2

(C) Both Statement 1 and 2

(D) Neither Statement 1 nor statement 2

34. उस विकल्प का चयन करें जो अन्य तीन विकल्पों से भिन्न है ।

(A) 21 : 437

(B) 33 : 1085

(C) 11 : 118

(D) 35 : 1221

35. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?

**कथन 1** : यूरोपीय संघ ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम पारित किया, जो ए.आई. प्रणाली को नियंत्रित करने वाले नियमों और विनियमों को स्थापित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कानून है ।

**कथन 2** : अधिनियम प्रणाली को चार श्रेणियों में वर्गीकृत करता है, अर्थात् अस्वीकार्य, उच्च, सीमित और न्यूनतम जोखिम ।

(A) केवल कथन 1

(B) केवल कथन 2

(C) कथन 1 और 2 दोनों

(D) न तो कथन 1 और न ही कथन 2



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play



36. What will be the minimum and maximum number of line segments to form the Figure ?



(A) 9 and 20

(B) 8 and 22

(C) 9 and 23

(D) 8 and 21

36. दी गई आकृति को बनाने के लिए न्यूनतम और अधिकतम रेखाखण्डों की संख्या क्या होगी ?



(A) 9 और 20

(B) 8 और 22

(C) 9 और 23

(D) 8 और 21

37. Who published 'Tarun Kumaon' ?

(A) Girija Dutt Naithani

(B) Barrister Mukundi Lal

(C) Victor Mohan Joshi

(D) Tara Dutt Gairola

37. 'तरुण कुमाऊँ' किसने प्रकाशित किया ?

(A) गिरिजा दत्त नैथानी

(B) बैरिस्टर मुकुंदी लाल

(C) विक्टर मोहन जोशी

(D) तारा दत्त गैरोला

38. Study the given pattern carefully and select the number that can replace the question mark (?) in it.

| | | |
|---|---|---|
| 1728 | 1441 | 280 |
| 2872 | 2613 | 310 |
| 3932 | 2546 | ? |

(A) 350

(B) 360

(C) 340

(D) 330

38. दिये गये प्रतिरूप (पैटर्न) का सावधानी पूर्वक अध्ययन करिये और उस संख्या का चयन करिए जो कि इसमें प्रश्न सूचक चिन्ह (?) का स्थान ले ।

| | | |
|---|---|---|
| 1728 | 1441 | 280 |
| 2872 | 2613 | 310 |
| 3932 | 2546 | ? |

(A) 350

(B) 360

(C) 340

(D) 330

Adda247 GET IT ON Google Play



39. Who was the Chairperson of Uniform Civil Code Committee in Uttarakhand ?

(A) (Retd) Promod Kohli

(B) (Retd) Ranjana Prakash Desai

(C) (Retd) Satrughn Singh

(D) (Retd) B.C. Khanduri

39. उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) (से.नि.) प्रमोद कोहली

(B) (से.नि.) रंजना प्रकाश देसाई

(C) (से.नि.) शत्रुघ्न सिंह

(D) (से.नि.) बी.सी. खण्डूरी

40. What is the number of triangles that can be formed whose vertices are the vertices of an octagon but have only one side common with that of the octagon ?

(A) 24

(B) 28

(C) 32

(D) 40

40. ऐसे त्रिभुजों की संख्या कितनी है, जिनके शीर्ष, अष्टभुज के शीर्ष है किन्तु त्रिभुज की केवल एक भुजा ही अष्टभुज के साथ उभयनिष्ठ हो ?

(A) 24

(B) 28

(C) 32

(D) 40

41. Which of the following is not a composition of great poet Kalidas ?

(A) Kumar Sambhav

(B) Ritu Sanhar

(C) Geet Govind

(D) Raghuvansh

41. निम्न में से कौन-सी महाकवि कालीदास की रचना नहीं है ?

(A) कुमार सम्भव

(B) ऋतु संहार

(C) गीत-गोविंद

(D) रघुवंश



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

22



42. Find the odd one out from the following observations.
10, 22, 234, 456, 898
(A) 10
(B) 22
(C) 456
(D) 898

42. निम्न प्रेक्षणों में से भिन्न का चयन कीजिए।
10, 22, 234, 456, 898
(A) 10
(B) 22
(C) 456
(D) 898

43. Which King was honored with the title of 'Knight Commander' by the British Government ?
(A) Sudarshan Shah
(B) Narendar Shah
(C) Manvendra Shah
(D) Kirti Shah

43. ब्रिटिश सरकार ने किस राजा को 'नाइट कमाण्डर' की उपाधि से विभूषित किया ?
(A) सुदर्शन शाह
(B) नरेन्द्र शाह
(C) मानवेन्द्र शाह
(D) कीर्ति शाह

Adda247

44. Which of the following statement is/are correct ?
**Statement 1 :** Gross Domestic Product (GDP) is the value of the all final goods and services produced within the boundary of a nation during one year period.
**Statement 2 :** For India, this calender year is from 1st April to 31st March.
(A) Only statement 1
(B) Only statement 2
(C) Both statements 1 and 2
(D) Neither statement 1 nor statement 2

44. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?
**कथन 1 :** सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक वर्ष की अवधि के दौरान किसी राष्ट्र की सीमा के भीतर उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य है।
**कथन 2 :** भारत के लिए यह कैलेंडर वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक है।
(A) केवल कथन 1
(B) केवल कथन 2
(C) कथन 1 और 2 दोनों
(D) न तो कथन 1 और न ही कथन 2

Adda247 GET IT ON Google Play



45. The total of present ages of A, B and C is 90 years. Ten years ago, the ratio of the ages of A, B and C was 1 : 2 : 3. What is the present age of C ?

(A) 35 years

(B) 40 years

(C) 42 years

(D) 45 years

45. A, B और C की वर्तमान आयु का योग 90 वर्ष है। दस वर्ष पूर्व, A, B व C की आयु का अनुपात 1 : 2 : 3 था। C की वर्तमान आयु क्या है ?

(A) 35 वर्ष

(B) 40 वर्ष

(C) 42 वर्ष

(D) 45 वर्ष

46. 'Sadavrit' word in Uttarakhand are associated with which temples ?

(A) Hairakhan and Lohakham

(B) Mansa Devi and Chandi Devi

(C) Gangotri and Yamunotri

(D) Badrinath and Kedarnath

46. "सदावृत" शब्द उत्तराखण्ड के किन मन्दिरों से सम्बन्धित है ?

(A) हैड़ाखान और लोहाखाम

(B) मनसा देवी और चण्डी देवी

(C) गंगोत्री और यमुनोत्री

(D) बद्रीनाथ और केदारनाथ

47. Choose the correctly matched pairs out of the following :

1. Ganga Dashhara – Vaishakh Shukla Paksh
2. Deepawali – Kartik Amavasya
3. Yam Dwitiya – Kartik Shukla Paksh
4. Shivratri – Falgun Krishna Paksh

(A) 1 and 4

(B) 3 and 4

(C) 1, 2 and 3

(D) 2, 3 and 4

47. निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए।

1. गंगा दशहरा – वैशाख शुक्ल पक्ष
2. दीपावली – कार्तिक अमावस्या
3. यम द्वितीया – कार्तिक शुक्ल पक्ष
4. शिवरात्रि – फाल्गुन कृष्ण पक्ष

(A) 1 और 4

(B) 3 और 4

(C) 1, 2 और 3

(D) 2, 3 और 4

Adda247 GET IT ON Google Play



48. **Direction :** If a + b means a is daughter of b.

a – b means a is husband of b.

a × b means a is brother of b.

Which of the following statements does not hold ?

(A) a + b × c

(B) a – b × c

(C) a + b + c

(D) a + b – c

48. **निर्देश :** यदि a + b का अर्थ a, b की पुत्री है ।

a – b का अर्थ a, b का पति है ।

a × b का अर्थ a, b का भाई है ।

निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(A) a + b × c

(B) a – b × c

(C) a + b + c

(D) a + b – c

49. Which of the following Commissioners is given the credit to start first innovative effort for disaster management in Uttarakhand ?

(A) George William Traill

(B) Edward Gardner

(C) Henry Ramsey

(D) Batton

